तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **वेद प्रकाश आर्य** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353517453033258	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24/03/25	अपीलार्थी वेद प्रकाश आर्य निवासी दीवानी कोर्ट परिसर, बिजनौर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 30.12.2024 को मकान 4/53 मधुबन हाउसिंग बोर्ड, सेन्ट एन्स प्राईमरी स्कूल के पास बासनी, जोधपुर के स्वामित्व संबंधी एवं भवन निर्माण हेतु पास कराये गये मानचित्र की प्रमाणित छायाप्रतियां एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज राहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 263 दिनांक 28.02.2025 से अवगत कराया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना इस कार्यालय से संबंधित न होकर आवासन मण्डल, जोधपुर से संबंधित होने के फलस्वरूप प्रार्थी का आवेदन पत्र कार्यालय के पत्र संख्या 44 दिनांक 13.01.2025 द्वारा सूचना का अधिकार के अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत अंतरित की गई, जिसकी प्रति प्रार्थी को भी पृष्ठांकित की गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण/अंतरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। प्रार्थी संबंधित विभाग के लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नही कराने पर संबंधित प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by G[illegible]av Agrawal
Designation: Colle[illegible]r & District Magistrate
Date: 2025.03.[illegible]2:52:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14336403